आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

28.07.2024 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नेरन्द्र मोदी ने कहा कि अपनी संस्कृति पर गौरव करते हुए ही कोई देश आगे बढ़ सकता है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नशामुक्त बनाने में जुटे सभी लोगों से मानस पोर्टल का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है।
- विश्व हेपेटाईटिस दिवस आज मनाया जा रहा है।
- मे बहादुर बच्चों को सम्मानित करने के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की स्थापना की गई है।
- वाहन फेरी जलयान एम वी पिलोपांजा में ज़रूरी मरम्मत कार्य किए जाने के चलते चाथम और बम्बूफ्लाट के बीच इसकी सेवाएं आज दोपहर बाद से बंद कर दी गई है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि अपनी संस्कृति पर ही गौरव करके कोई देश आगे बढ़ सकता है। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में भी इस तरह के बहुत सारे प्रयास हो रहे है। ऐसे ही एक परियोजना 'परी' की शुरूआत की गई है। इससे न सिर्फ सार्वजनिक स्थानों की सुंदरता बढ़ती है बल्कि हमारे संस्कृति को लोकप्रिय बनाने में सहायता मिलती है।
प्रधानमंत्री ने कला और संस्कृति प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे भी पब्लिक आर्ट पर काम करें, ये हमें अपनी जड़ों पर गर्व करने की अनुभूति देता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नशामुक्त बनाने में जुटे सभी लोगों से मानस पोर्टल का इस्तेमाल करने का अनुरोध किया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मानस के साथ साझा की गई सारी जानकारियां गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने कहा कि नशे की लत से जूझ रहे बच्चों के अभिभावकों की सहायता के लिए सरकार ने मानस नामक केन्द्र की स्थापना की है तथा मानस पोर्टल और सहायता नम्बर भी जारी किया है।

<><><><><><><>

विश्व हेपेटाईटिस दिवस आज मनाया जा रहा हैं। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य हेपेटाईटिस के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने और इस बीमारी को खत्म करने के लिए किए जा रहे प्रयासो के बारे में जानकारी देना है। दुनियाभर में कई मिलियन लोग क्रोनिक हेपेटाईटिस बी संक्रमण से पीड़ित है। रोकथाम और उपचार योग्य बीमारी होने के बावजूद ये एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनी हुई है। इससे संबंधित बीमारी पर हर तीस सकेंड में एक व्यक्ति की जान जाती है जिसपर तुरंत ध्यान देने की आवश्यकता है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने श्रोताओं से पन्द्रह अगस्त नजदीक आने पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने लोगों को **hargarhtiranga.com** पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित किया। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस से पहले **MyGov** या **NaMo** ऐप पर उनके सुझाव भी मांगे और कहा कि वह स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में यथासंभव अधिक से अधिक सुझावों को शामिल करेंगे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षा के क्रियान्वयन के चार वर्ष पूरा होने के अवसर पर मोहनपुरा स्कूल के सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य शिक्षा संस्थान की ओर से पोर्ट ब्लेयर और विम्बर्लीगंज शैक्षिक अंचल के स्कूल प्रमुखों के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में स्कूलों के समक्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए आने वाली चुनौतियों और इसके क्रियान्वयन के लिए तैयार की जा रही योजनाओं पर चर्चा हुई। शिक्षा विभाग के कार्यालय प्रमुख ज्ञानशील दुबे इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। उन्होंने एन ई पी दो हजार बीस के सिद्धांतों से जुड़ी कार्यशालाएं और प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए राज्य शिक्षा संस्थान के प्रयासों की सराहना की। राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्य संगीता चांद ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><>

देश मे बहादुर बच्चों को सम्मानित करने के लिए महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की स्थापना की गई है। पुरस्कार पाने वालों के नाम छब्बीस दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर घोषित किया जाएगा। पुरस्कार की अधिकतम संख्या पच्चीस है। राष्ट्रीय चयन समिति की ओर से इसकी संख्या में वृद्धि भी की जा सकती है। पुरस्कार के तहत पदक, प्रमाणपत्र और एक लाख रूपए के नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। भारत में रहने वाले अटठारह वर्ष आयु वर्ग तक के भारतीय नागरिक इक्कतीस जुलाई तक ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

<><><><><><>

वाहन फेरी जलयान एम वी पिलोपांजा में ज़रूरी मरम्मत कार्य किए जाने के चलते चाथम और बम्बूफ्लाट के बीच इसकी सेवाएं आज दोपहर बाद से बंद कर दी गई है। जलयान में आई खराबी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सेवाएं जल्द से जल्द सामान्य हो सकें।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय की ओर से शैक्षिक अंचल के स्कूली विद्यार्थियों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए ये टूर्नामेंट जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय मैदान और भातुबस्ती स्कूल मैदान में आयोजित हो रही है।

<><><><><><>

एनकॉल में स्नातक स्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की अंतिम योग्यता सूची सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए तीस जुलाई से पांच अगस्त के बीच परामर्श रखा गया है। परामर्श के दौरान उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेज और इसकी प्रतिलिपि साथ रखने को कहा गया है।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर मौसम कार्यालय केन्द्र ने कल अपनी पहली वर्षगांठ मनाई। इस अवसर पर कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किए गए और विभाग के कार्याकलापों पर जानकारी दी गई। अपनी स्थापना से लेकर अब तक इस केन्द्र की ओर से द्वीपवासियों को मौसम की सही और सटीक जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। फेसबुक, ट्वीटर और इंस्टाग्राम पर भी मौसम की ताजा स्थिति की जानकारियां अपलोड की जा रही है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक दस मिलीमीटर, मायाबंदर में सात दशमलव आठ, पोर्ट ब्लेयर और लौंग आईलैंड में दो दशमलव चार और हटबे में दो दशमलव दो मिलीमीटर वर्षा हुई। दो अगस्त तक के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छीटें पड़ेंगे।

<><><><><><><>